# पर्यटन अध्ययन

बी.टी.एस
तृतीय वर्ष

सत्रीय कार्य पुस्तिका
(2010-11)

## टीएस - 3, टीएस - 6 और टीएस - 7

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

**सत्रीय कार्य**
**बीटीएस**
**(पर्यटन अध्ययन)**

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए) करना है।

सत्रीय कार्यों को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस-3, टीएस-6 और टीएस-7 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

**नोटः** सभी सत्रीय कार्यों को **समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।** अपने सत्रीय कार्य के मुखपृष्ठ पर अपनी नामांकन संख्या, नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।

**जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें।** यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।

**मूल्यांकन के बाद अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें।** अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग (SED), इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

**सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश**

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500-700 शब्दों अथवा सत्रीय कार्य में किए गए उल्लेख के अनुसार देने की आशा करते हैं। इसके लिए निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1. **योजना बनानाः** सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात् उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2. **संगठनः** अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें।

**यह सुनिश्चित करें किः**

क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।

ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।

ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही-सही लिखा है।

3. **प्रस्तुतिः** जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

**अरविन्द कुमार दुबे**

**कार्यक्रम संयोजक,बीटीएस,डीटीएस,सीटीएस**

**सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची**

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| टीएस - 3 | 30 अप्रैल, 2010 | 31 अक्तूबर, 2010 |
| टीएस - 6 | 31 अक्तूबर, 2010 | 30 अप्रैल, 2011 |
| टीएस - 7 | 31 अक्तूबर, 2010 | 30 अप्रैल, 2011 |

## टी एस - 3 : पर्यटन में प्रबंध

## (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोडः टी.एस-3**
**सत्रीय कार्य कोडः टीएस-3/टीएमए/2010-11**
**कुल अंकः 100**

**नोटः इस टीएमए में दो भाग हैं।**

**भाग-I में दो प्रश्न दिए गए हैं जिनमें से आपको किसी एक प्रश्न का उत्तर देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है। इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में दें।**

**भाग-II में 8 प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।**

**इस अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

### भाग-I

1) संगठन को परिभाषित कीजिए। संगठनात्मक संरचना के विविध घटकों की विवेचना कीजिए। 25

अथवा

2) पर्यटन में मानव संसाधन प्रबंधन के महत्व की चर्चा कीजिए। 25

---

### भाग-II

1) प्रबंधक की भूमिकाएँ और उत्तरदायित्व क्या हैं? 15

2) नियंत्रण क्या है? नियंत्रण प्रक्रिया में शामिल विविध चरणों की समीक्षा कीजिए। 15

3) निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 250 शब्दों में टिप्पणी लिखिएः (2 x 7½ = 15)

   (क) भर्ती और चयन

   (ख) आगमन और प्रशिक्षण

4) बजट बनाने से आप क्या समझते हैं? 15

5) निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 250 शब्दों में टिप्पणी लिखिएः (2 x 7½ = 15)

   (क) लाभ-अलाभ बिंदु (संतुलन स्तर बिंदु)

   (ख) स्थायी (स्थिर) परिसंपत्ति और चालू परिसंपत्ति

6) होटल की विभिन्न श्रेणियों की जानकारी दीजिए। 15

7) किसी ट्रेवल (यात्रा) एजेंसी द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की चर्चा कीजिए। 15

8) जनसंपर्क विभाग के कार्य की चर्चा कीजिए। 15

## टी एस - 6 : पर्यटन विपणन

## (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोडः टी.एस-6**
**सत्रीय कार्य कोडः टीएस-6/टीएमए/2010-11**
**कुल अंकः 100**

**नोटः इस टीएमए में दो भाग हैं।**

**भाग-I में दो प्रश्न दिए गए हैं जिनमें से आपको किसी एक प्रश्न का उत्तर देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है। इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में दें।**

**भाग-II में 8 प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।**

**इस अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

### भाग-I

1. पर्यटक बाजारों को विभाजित करने (खंडीकरण) के लिए प्रयुक्त होने वाले विभिन्न चरों का वर्णन कीजिए। 25

अथवा

2. पर्यटन में मौसमीपन (seasionality) से आप क्या समझते हैं? इसके प्रकारों और कारणों का वर्णन कीजिए। 25

---

### भाग-II

1. विपणन अनुसंधान को परिभाषित कीजिए। पर्यटन में बाजार अनुसंधान की संभावना (कार्य क्षेत्र) और लक्ष्य की चर्चा कीजिए। 15

2. निम्नलिखित प्रत्येक पर 200 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिएः (3 x 5 = 15)

   (क) अंतर्राष्ट्रीय और अंतर्देशीय पर्यटक

   (ख) पर्यटन बाजारों का प्रतिस्पर्धात्मक विश्लेषण

   (ग) पर्यटन क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी

3. पर्यटक विपणन में पूर्वानुमान की भूमिका की जानकारी दीजिए। पर्यटन में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न प्रकार की पूर्वानुमान विधियाँ कौन-सी हैं? 15

4. गंतव्य का विपणन करते समय सार्वजनिक संगठनों, स्थानीय निकायों या एन जी ओ की भूमिका का समीक्षात्मक वर्णन कीजिए। 15

5. विपणन मिश्रण के चारों पी (P) का विस्तार से वर्णन कीजिए। पर्यटन में पाँचवें पी की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए । 15

6. भारत में आने वाले पर्यटकों के लिए उपलब्ध विभिन्न प्रकार की आवास सुविधाओं का वर्णन कीजिए। 15

7. पर्यटन उत्पाद के रूप में अपने क्षेत्र के स्थानीय भोजन को तैयार करने और उसके विपणन के लिए कार्यनीतियाँ सुझाएँ । 15

8. पर्यटक ट्राँसपोर्ट उत्पाद तैयार करते समय आप किन-किन पहलुओं को ध्यान में रखेंगे? 15

## टी एस -7 : मानव संसाधन विकास

**(अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)**

**पाठ्यक्रम कोडः टी.एस-7**
**सत्रीय कार्य कोडः टीएस-7/टीएमए/2010-11**
**कुल अंकः 100**

**नोटः इस टीएमए में दो भाग हैं।**

**भाग-I में दो प्रश्न दिए गए हैं जिनमें से आपको किसी एक प्रश्न का उत्तर देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है। इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में दें।**

**भाग-II में 10 प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।**

**इस अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

### भाग-I

1. मानव संसाधन प्रबंधन से आप क्या समझते हैं? पर्यटन के संदर्भ में मानव संसाधन सूचना प्रणाली के महत्व की चर्चा कीजिए। 25

अथवा

2. "अनुशासन" और "शिकायत" से आप क्या समझते हैं? संगठन की बेहतरी में दोनों की क्या भूमिका है? 25

---

### भाग - II

1. आतिथ्य (सत्कार) और पर्यटन में महिलाओं की स्थिति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 15
2. बड़े संगठनों की वे विशेषताएँ बताइए जो एच आर डी कार्यों को प्रारंभ करने और उन्हें सुदृढ़ करने को प्रभावित करती हैं? 15
3. मानव संसाधन लेखा परीक्षा का अर्थ स्पष्ट कीजिए। एच.आर.ए. की आवश्यकता, उद्देश्य और कार्य क्षेत्र की भी चर्चा कीजिए। 15
4. वृहद और सूक्ष्म पूर्वानुमान क्या हैं? जनशक्ति पूर्वानुमान में प्रयुक्त तकनीकों की जानकारी दीजिए। 15
5. "मानव संसाधन योजना" से आप क्या समझते हैं? आतिथ्य उद्योग में मानव संसाधन नियोजन की आवश्यकता की विस्तार से चर्चा कीजिए। 15
6. संगठन में उत्प्रेरण के महत्व का विस्तार से वर्णन कीजिए। 15
7. नौकरी (Job) मूल्यांकन पर विस्तृत टिप्पणी लिखिए। 15
8. कार्य विश्लेषण का अर्थ स्पट कीजिए। व्यक्ति और फर्म के निजी निष्पादन को सुधारने में कार्य-विश्लेषण कैसे मदद करता है? 15
9. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिएः (3 x 5 = 15)
   क) प्रशिक्षण
   ख) चयन
   ग) निष्पादन मूल्यांकन
10. परामर्श कर्मचारियों के कौशलों को बढ़ाने में किस प्रकार सहायक होता है? परामर्श के लिए उपलब्ध विभिन्न प्रकार के परामर्शों का भी उल्लेख कीजिए। 15